## पाठ-अभ्यास के उत्तर




**1.** (*i*) बच्चा – जातिवाचक संज्ञा, पुंलिंग, एकवचन, कर्ता कारक, 'है' क्रिया के कर्ता का प्रकार्य।
(*ii*) करीम – व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुंलिंग, एकवचन, कर्ता कारक, 'पढ़ने गया है' क्रिया-पद के कर्ता का प्रकार्य।
(*iii*) मंत्री – जातिवाचक संज्ञा, पुंलिंग, एकवचन, कर्ता कारक, 'फेंके' क्रिया के कर्ता का प्रकार्य।
पत्थर – जातिवाचक संज्ञा, पुंलिंग, बहुवचन, कर्म कारक, मुख्य कर्म का प्रकार्य।
(*iv*) चाय – द्रव्यवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक, मुख्य कर्म का प्रकार्य।
(*v*) पत्नी – जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, संप्रदान कारक, गौण कर्म का प्रकार्य।
(के लिए)

**2.** (*i*) तुम – पुरुषवाचक, मध्यम पुरुष, एकवचन, कर्ता कारक, 'रहना' क्रिया के कर्ता का प्रकार्य।
(*ii*) उसे – पुरुषवाचक, अन्य पुरुष, एकवचन, कर्म कारक, 'बुलाना' क्रिया के गौण कर्म का प्रकार्य।
(*iii*) इसमें – निश्चयवाचक सर्वनाम, एकवचन, अधिकरण कारक, स्थानवाची क्रियाविशेषण का प्रकार्य।
(*iv*) कौन – प्रश्नवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक, 'खड़ा है' क्रिया के कर्ता का प्रकार्य।
(*v*) स्वयं – निजवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक, 'बनाना' क्रिया के कर्ता का प्रकार्य।
(*vi*) जो – संबंधवाचक सर्वनाम, एकवचन, कर्ता कारक, 'टहलना' क्रिया का संबंधवाचक शब्द।

**3.** (*i*) तीसरी – निश्चित संख्यावाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कक्षा' विशेष्य की संख्या बताने का प्रकार्य।
(*ii*) मोटा – गुणवाचक विशेषण, पुंलिंग, एकवचन, 'आदमी' विशेष्य का गुण/दोष बताने का प्रकार्य।
(*iii*) बड़ा – गुणवाचक विशेषण, पुंलिंग, एकवचन, 'बेटा' विशेष्य का गुण/दोष बताने का प्रकार्य।
(*iv*) किस – सार्वनामिक विशेषण, पुंलिंग, एकवचन, 'आदमी' विशेष्य की विशेषता बताने का प्रकार्य।
(*v*) बहुत – अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण, पुंलिंग, बहुवचन, 'लोग' विशेष्य की संख्या बताने का प्रकार्य।

**4.** (*i*) खेल रहा है – सकर्मक क्रिया, वर्तमान काल, सातत्यबोधक पक्ष, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।
(*ii*) चले गए थे – संयुक्त क्रिया, भूत काल, पूर्ण पक्ष, कर्तृवाच्य, कर्तरि प्रयोग।
(*iii*) आएगा – अकर्मक क्रिया, भविष्यत काल।
(*iv*) झुठला रहे हो – नामिक क्रिया, वर्तमान काल, सातत्यबोधक पक्ष, कर्तृवाच्य।
(*v*) चल-फिर सकती है – सामासिक क्रिया, वर्तमान काल, आवृत्तिमूलक पक्ष।

**5.** (*i*) धीरे-धीरे – मूल क्रियाविशेषण, रीतिवाची, 'चलना' क्रिया की रीतिगत विशेषता बताने का प्रकार्य।
(*ii*) दौड़कर – रीतिवाची क्रियाविशेषण, 'आया' क्रिया की रीतिगत विशेषता बताने का प्रकार्य।
(*iii*) दो घंटे तक – प्रकार्यात्मक क्रियाविशेषण, कालवाची, 'करना' क्रिया की समय (काल) संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।
(*iv*) ज़्यादा – मूल क्रियाविशेषण, परिमाणवाची, 'सोचना' क्रिया की मात्रा संबंधी विशेषता बताने का प्रकार्य।
(*v*) पैदल – प्रकार्यात्मक क्रियाविशेषण, रीतिवाची 'चलना' क्रिया की रीतिगत विशेषता बताने का प्रकार्य।

**6.** (*i*) के बाहर – संबंधबोधक अव्यय, 'मंदिर' तथा 'भीड़' संज्ञाओं के मध्य संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।
(*ii*) से पहले – संबंधबोधक अव्यय, 'आप' तथा 'मैं' सर्वनामों के मध्य संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।
(*iii*) का – संबंधबोधक अव्यय, 'अर्णव' तथा 'भाई' संज्ञाओं के मध्य संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।
(*iv*) के पार – संबंधबोधक अव्यय, 'नदी' तथा 'जंगल' संज्ञाओं के मध्य संबंध स्थापित करने का प्रकार्य।

(*v*) और – समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, दो संज्ञा पदों 'सीता' और 'गीता' को जोड़ने का प्रकार्य।

(*vi*) मगर – समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, दो समानाधिकृत उपवाक्यों के बीच विरोध प्रदर्शित करने का प्रकार्य।

(*vii*) इसलिए – समानाधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, दो समानाधिकृत उपवाक्यों के मध्य कारण प्रदर्शित करने का प्रकार्य।

(*viii*) मानो – व्यधिकरण समुच्चयबोधक अव्यय, संभावना व्यक्त करने का प्रकार्य।

**7.** (*i*) अरे! – विस्मयादिबोधक अव्यय, आश्चर्य का भाव प्रकट करने का प्रकार्य।

(*ii*) वाह! – विस्मयादिबोधक अव्यय, हर्ष का भाव प्रकट करने का प्रकार्य।

(*iii*) हाय! – विस्मयादिबोधक अव्यय, पीड़ा का भाव प्रकट करने का प्रकार्य।

(*iv*) भी – निपात, 'मुझको' सर्वनाम पद पर बल देने का प्रकार्य।

(*v*) ही – निपात, 'पुलिस' संज्ञा पद पर बल देने का प्रकार्य।

(*vi*) भर – निपात, 'मिलना' क्रिया पद पर बल देने का प्रकार्य।

## कुछ करके सीखिए

- विद्यार्थी स्वयं करें।